एक नजर में

पथरी के ऑपरेशन के तीन दिन बाद महिला की मौत

इंदौर . पथरी के ऑपरेशन के तीन दिन बाद 25 वर्षीय महिला की मौत के मामले में परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है . खुड़ैल थाना क्षेत्र स्थित नोबल अस्पताल में हुई घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है . दूधिया में रहने वाली पूजा सिसोदिया को 22 जुलाई को पथरी के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था . परिजनों ने पुलिस को बताया कि 23 जुलाई को ऑपरेशन के बाद उनका यूरिन आना बंद हो गया . आरोप है कि इसकी जानकारी डॉक्टर को देने के बाद भी स्थिति सामान्य बताई गई . तबीयत बिगड़ने पर 25 जुलाई को महिला को जूनी इंदौर स्थित एवीपी अस्पताल ले जाया गया, जहां संक्रमण की बात सामने आई . उपचार के दौरान 26 जुलाई को उनकी मौत हो गई . परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की जानकारी दी गई थी, जबकि बाद में ओपन सर्जरी किए जाने की बात सामने आई . मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर एमवाय अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया है . थाना प्रभारी कन्हैय सिंह शेखावत का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी .

जीवन में हार नहीं मानना : कुमुदलता महाराज

इंदौर . एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका में महासती कुमुदलता महाराज साहब के पावन सान्निध्य में आयोजित चातुर्मास का शुभारंभ मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और धर्ममय वातावरण के बीच हुआ . प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म आराधना के लिए उपस्थित हुए . साध्वी महाप्रज्ञा महाराज ने कहा कि आज चतुर्दशी के पावन दिन से चातुर्मास का प्रारंभ हो रहा है . जैन संस्कृति में इस तिथि का विशेष महत्व है . हमारे जीवन में जितना महत्व पानी का है, उतना ही जिनवाणी का भी है .चातुर्मास केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जिन शासन के साधु-संतों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है . वर्ष भर की चतुर्दशियों में आज की चतुर्दशी का विशेष महत्व इसलिए है क्योंकि इसी दिन से चातुर्मास प्रारंभ होता है और असंख्य जीव धर्म आराधना, तप, त्याग एवं स्वाध्याय में प्रवृत्त हो जाते हैं . महासती कुमुदलताजी महाराज ने कहा कि चातुर्मास हमें जीवन में कभी हार न मानने की प्रेरणा देता है . यह वर्षावास हमारे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश लेकर आता है . इस अवसर पर नालासोपारा, मुम्बई श्रीसंघ से ललित कागरेचा एवं अन्य सदस्यों का श्रीसंघ द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया . प्रवचन सभा मे डीपीन जैन, रमेश भण्डारी, अभय झेलावत, गजेन्द्र बोड़ाना, अतुल कोठारी, अशोक मंडलीक, स्वप्निल संचेती, गर्वित बोड़ाना, रोहित जेलमी, महेन्द्र डागरिया, रेणु जैन, पुष्पा डागरिया, आज़ाद नारेलिया, शशि बोथरा, नम्रता धाकड़, अरुणा कोठारी, सुशीला पोरवाल, आदि उपस्थित हुए। संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया . आभार जिनेश्वर जैन ने माना .

भक्ति तभी सार्थक जब उसमें समर्पण भाव हो

इंदौर . माता-पिता जिंदगीभर हमारी ऊँगली पकड़कर चलाना नहीं सिखा सकते . भक्तामर पाठ ऐसा सूत्र है जो हमारे मनोबल और आत्मबल को बढ़ाकर हमें जीवन की तमाम चुनौतियों से जूझने के लिए हमारे मन को संशय मुक्त बना देता है . हम अपनी भक्ति को सार्थक तभी बना पाएँगे, जब उसमें पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण का भाव होगा . ये विचार हैं राष्ट्र संत मुनि पुंगव प .पू . श्री सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने मंगलवार को सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल सत्संग सभा मंडप में आयोजित चातुर्मास की धर्मसभा में उपस्थित समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए . प्रारम्भ में धर्म प्रभावना समिति की ओर से मनीष गोधा, हर्ष जैन, नवीन गोधा, अशोक डोसी एवं आकाश कोयला ने देशभर से आए साधकों की अगवानी की और गुरु पूर्णिमा तथा कलश स्थापना के कार्यक्रमों का विवरण देते हुए बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव के लिए आज से ही दलाल बाग पर समाज बंधुओं का मेला जुटने लगा है .

धूमधाम से मनाया जाएगा मानभद्र भक्ति महोत्सव

इंदौर . नरसिंगपुरा मानभद्र भक्त मण्डल माणक चौक राजबाडा के तत्वावधान में 29 और 30 जुलाई को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मानभद्र भक्ति महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा . प्रात : कालीन बैला मे मंगलाअष्टक के साथ विधिकर्ता के निर्देशन मे हवन पूजन का आयोजन कीमती गार्डन धार रोड पर शुरू होगा . प्रवीण जैन, आशीष जैन, अमित जैन, मनीष जैन ने बताया आचार्य कुमुदनंद महाराज, आचार्य विप्रणत सागर महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है . आज प्रात : 8 बजे दोनों आचार्यो का मंगल आगमन हुआ, दोनो गुरुदेवों का पाद पक्षालन, शास्त्र भेट किया गया . 30 जूलाई को श्री मानभद्र बाबा का सजाया जाएगा और प्रात : 10.30 बजे संगीतमय महाआरती का आयोजन होगा . इस मौके पर राष्ट्रीय गायक लवेश-हिमांशु भुरड का भव्य प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी . समस्त कार्यक्रम मे दिलीप जैन, अर्पेश, अजित, अभिषेक, विपिन, अनिल, और भी अन्य साथीगण के सहयोग से सम्पन्न होंगे .

सावन लहरिया उत्सव सहित कई कार्यक्रम होंगे

इंदौर . अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान प्रधान कार्यालय पर संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय महिला मोर्चा मीटिंग में सकल दिगम्बर जैन समाज मातृशक्ति के समूह के साथ सावन लहरियां उत्सव के साथ अनेक कार्यक्रम रखने के निर्णय के साथ सम्पन्न हुई . संस्थान के म प्र .के प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा राष्ट्रीय महिला मोर्चा महामंत्री विभा सुरावत ने बताया कि संस्थान कार्यालय पर महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष माधुरी जैन कि अध्यक्षता में मीटिंग में नागदा समाज प्रमुख मन्जु गोदावत, दसा हूमड़ समाज प्रमुख नीला जैन, बीसा नरसिंहपुरा समाज प्रमुख मेघना जांगड़ा ,बीसा हूमड़ समाज प्रमुख मधु दोषी के साथ अलका गडिया, रचना हरिप्रिया, चेतना भादावत के साथ विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से 24 अगस्त को सकल दिगम्बर जैन समाज मातृशक्ति के साथ सावन लहरियां उत्सव के साथ सभी प्रतियोगिताएं रखने के विचार रखे जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया . महिला मोर्चा की रचना सिपरिया ने श्रेष्ठ सावन लहरियां पोशाक प्रतियोगिता भी रखने का प्रस्ताव रखा जिसे श्वेता रत्नावत ने अनुमोदन कर कहा कि इससे महिलाओं में भारी उत्साह रहेगा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया . इस दौरान शोभा गनोडिया एवं अनुकृति जैन ने प्रस्ताव रखा जिसे स्वीकार कर महामंत्री विभा सुरावत को अधिकृत किया . अध्यक्षता करते हुए माधुरी जैन ने प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया .कार्याध्यक्ष माधुरी मुसलिया ने आभार माना .

नगर में आज

चरण पादूका पूजन

समय- सुबह 9 बजे, **स्थान**- पंचकुइया राम मंदिर

गुरु वंदना कार्यक्रम

समय- शाम 6 बजे से, **स्थान**- संतोष सभागृह

उपलब्धि : मात्र सात मिनट में अपशिष्ट से तैयार हो जाएंगे हरित रसायन

नवभारत न्यूज़

इंदौर. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के वैज्ञानिकों ने पर्यावरण संरक्षण और सतत औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. संस्थान के शोधकर्ताओं ने कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) और बायोडीज़ल उत्पादन के उप-उत्पाद ग्लिसरॉल जैसे दो सामान्य अपशिष्ट पदार्थों को मात्र सात मिनट में मूल्यवान हरित रसायनों में परिवर्तित करने की ऊर्जा-कुशल तकनीक विकसित की है. कम तापमान पर कार्य करने वाली यह नई प्रक्रिया समय, ऊर्जा और लागत तीनों की बचत करती है तथा औद्योगिक अपशिष्ट के प्रभावी उपयोग के साथ हरित भविष्य की दिशा में एक नई राह खोलती है.

यह शोध आईआईटी इंदौर के रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. अमरेंद्र के. सिंह के नेतृत्व में शोधकर्ताओं अचेना साहा, शंभु नाथ और एकता यादव द्वारा किया गया है. शोध के निष्कर्ष यूनाइटेड किंगडम की रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका ग्रीन केमिस्ट्री में प्रकाशित हुए हैं, जिसे हरित रसायन विज्ञान के क्षेत्र की प्रमुख वैज्ञानिक पत्रिकाओं में शामिल किया जाता है.

वर्तमान समय में बढ़ता कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण बन रहा है, जबकि बायोडीज़ल उद्योग से बड़ी मात्रा में निकलने वाला ग्लिसरॉल उप-उत्पाद भी अधिकांशत: अनुपयोगी रह जाता है। आईआईटी इंदौर के वैज्ञानिकों ने इन दोनों अपशिष्ट पदार्थों को समस्या के बजाय संसाधन के रूप में देखते हुए इन्हें एक साथ उपयोग कर मूल्यवान रसायनों में बदलने की अभिनव तकनीक विकसित की है.

सात मिनट में पूरी हुई पूरी प्रक्रिया: शोधकर्ताओं ने ट्रांसफर हाइड्रोजनेशन प्रक्रिया के तहत विशेष रूप से विकसित रुथेनियम-आधारित उत्प्रेरक का उपयोग किया. इसके माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड से प्राप्त स्थिर अकार्बनिक कार्बोनेट यौगिकों की ग्लिसरॉल के साथ अभिक्रिया कराई गई. माइक्रोवेव ऊष्मन तकनीक के उपयोग से रासायनिक अभिक्रिया की गति कई गुना बढ़ गई और पूरी प्रक्रिया केवल 50 डिग्री सेल्सियस तापमान पर मात्र सात मिनट में पूरी हो गई. सामान्यत: इस प्रकार की प्रक्रियाओं के लिए उच्च तापमान, अधिक दाब और कई घंटों का समय आवश्यक होता है.

अनुसंधान संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण

प्रो. सुहास एस. जोशी: आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस . जोशी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह शोध संस्थान की नवाचार आधारित अनुसंधान संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण है . उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों ने औद्योगिक अपशिष्ट और कार्बन डाइऑक्साइड को मूल्यवान हरित रसायनों में परिवर्तित कर यह साबित किया है कि वैज्ञानिक नवाचार स्वच्छ एवं उत्तरदायी विनिर्माण को नई दिशा दे सकता है . उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पूरी शोध टीम को बधाई दी .

परिपत्र अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

शोध के प्रमुख अन्वेषक डॉ . अमरेंद्र के . सिंह ने कहा कि यह तकनीक कम ऊर्जा पर आधारित सतत परिपत्र अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) की दिशा में एक व्यवहारिक मॉडल प्रस्तुत करती है . इससे पर्यावरणीय अपशिष्टों को सीधे जैव-अवक्रमणीय प्लास्टिक तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए आवश्यक आधारभूत रसायनों में परिवर्तित किया जा सकेगा . उनका कहना है कि यह तकनीक भविष्य में औद्योगिक क्षेत्र के लिए अपशिष्ट प्रबंधन का प्रभावी समाधान साबित हो सकती है .

संगीत सभा के साथ शिल्पकला का लाइव प्रदर्शन

गुरु पूर्णिमा पर संस्कृति विभाग का सांस्कृतिक आयोजन

नवभारत न्यूज़

इंदौर. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग की ओर से 29 जुलाई को इंदौर में दो विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें शास्त्रीय संगीत, नृत्य, व्याख्यान और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का स्मरण किया जाएगा. दोनों कार्यक्रमों में कला प्रेमियों और आम नागरिकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा.

लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय की ओर से बुधवार शाम 6 बजे संतोष सभागृह (चरक हॉस्पिटल परिसर, रानी सती गेट, एबी रोड) में गुरु पूर्णिमा उत्सव के तहत संगीत सभा आयोजित होगी. कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गुरु वंदना से की जाएगी. इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. डॉ. लीला धुलधोये का गुरु सम्मान भी किया जाएगा. संगीत सभा में मेहर के कलाकार अनिल जैसवाल और मनोज जैसवाल सरोद-सितार जुगलबंदी प्रस्तुत करेंगे. तबले पर पंडित सुरेश भट्ट खेरागढ़ (छत्तीसगढ़) संगत देंगे, जबकि जबलपुर की सुरुचि होम्बल और भारती होम्बल भरतनाट्यम की प्रस्तुति देंगी. इसी दिन सुबह 10.30 बजे शासकीय ललित कला महाविद्यालय (बाल भवन योजना क्रमांक-78, भाग-2, एमआर-10-11) में एक दिवसीय व्याख्यान एवं लाइव डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन होगा. इसमें भोपाल के प्रसिद्ध मूर्तिकार नीरज अहीरवार भारतीय शिल्पकला, सृजन प्रक्रिया और गुरु-शिष्य परंपरा पर व्याख्यान देंगे. इसके साथ ही वे मूर्तिकला का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत करेंगे.

महापौर ने अहिल्या उपवन में 21 हजार पौधे लगाने का किया शुभारंभ

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में मंगलवार को शहर के पश्चिम क्षेत्र में अहिल्या उपवन में पौधारोपण किया गया. इस दौरान महापौर ने सपत्नीक स्कूली बच्चों, सामाजिक संस्थाओं और संगठन के साथ 21 हजार पौधे लगाने की शुरुआत की.

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज शहर के अहिल्या उपवन में 21 हजार पौधों लगाने का शुभारंभ किया गया. इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सपत्नीक पौधारोपण किया. अहिल्या उपवन में स्कूली विद्यार्थियों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर फल वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर महापौर भार्गव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों को संरक्षित कर उन्हें वृक्ष बनाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है. नगर निगम इसी सोच के साथ कार्य कर रहा है. उन्होंने बताया कि शहर में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के दौरान जिन वृक्षों को हटाना पड़ा, उनकी क्षतिपूर्ति के रूप में अहिल्या उपवन में 5 से 8 फीट ऊंचाई के फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं. इन पौधों को विकसित कर इस पूरे क्षेत्र को डेंस फॉरेस्ट फल वाटिका के रूप में तैयार किया जाएगा. कार्यक्रम में महामंडलेश्वर दादू महाराज, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा, अश्विनी शुक्ल, राजेंद्र राठौर, मनीष शर्मा, पार्षद शानू शर्मा, हरप्रीत कौर लूथरा, कंचन गिदवानी, भारत रघुवंशी, महापौर प्रतिनिधि भारत पारख सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चों , सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में रहवासी मौजूद थे.

एजेंसी द्वारा किया जाएगा संरक्षण

महापौर ने बताया कि पौधों के संरक्षण हेतु आगामी तीन वर्षों तक उद्यान एवं पौधों की नियमित देखरेख, सिंचाई एवं संरक्षण का कार्य एक अधिकृत एजेंसी द्वारा किया जाएगा, जिससे पौधे पूर्ण रूप से विकसित होकर घने वृक्षों का रूप ले सकें .

बिना डॉक्टर पर्ची के गर्भ निरोधक दवा बेचने पर मेडिकल स्टोर सील

- महिला आरक्षक बनी ग्राहक, इशारा मिलते ही टीम ने दी दबिश
- कार्तिक केमिस्ट पर कार्रवाई, गर्भनिरोधक दवा और 700 रुपए जब्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. दवा बाजार में बिना डॉक्टर की पर्ची के गर्भनिरोधक दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर पर संयोगितागंज पुलिस ने कार्रवाई की है. पुलिस ने पहले महिला आरक्षक को ग्राहक बनाकर दुकान पर भेजा, जहां कर्मचारी ने बिना प्रिस्क्रिप्शन दवा उपलब्ध करा दी. पुष्टि होने के बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर दवा और बिक्री की राशि जब्त कर मेडिकल स्टोर संचालक व कर्मचारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

बिना डॉक्टरी पर्चे के दवा बेचना नियमों का उल्लंघन

बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाइयों की बिक्री नियमों का उल्लंघन है . शिकायत मिलने पर पहले सत्यापन कराया था, जिसमें बिना पर्ची दवा देना सामने आया . ऐसे मामलों में आमजन की सुरक्षा को देखते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है .

– एसीपी संयोगितागंज, नीति राजेश दंडोतिया

थाना प्रभारी केपी यादव ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दवा बाजार स्थित कार्तिक केमिस्ट पर बिना डॉक्टर के पर्चे के दवाइयां बेची जा रही हैं. सूचना के सत्यापन के लिए महिला आरक्षक को ग्राहक बनाकर दुकान पर भेजा गया. वहां कर्मचारी ने बिना किसी चिकित्सकीय पर्चे के कॉन्ट्राकिट कैडिला की एक स्ट्रिप दे दी. महिला आरक्षक का इशारा पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की. औषधि निरीक्षक सारिका अग्रवाल और योगेश गुप्ता की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया. पुलिस ने कर्मचारी धीरेन्द्र सिंह चौहान से दवा की एक स्ट्रिप और 700 रुपए नकद जब्त किए. जांच में दुकान संचालक चेतन सिंह चौहान का नाम सामने आया. पुलिस ने बिना डॉक्टर की पर्ची दवा बिक्री को लेकर संचालक और कर्मचारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

कॉलेज छात्रों के दो गुट भिड़े, जमकर चले पत्थर और बेसबॉल बैट

इंदौर. गांधी नगर क्षेत्र में निजी कॉलेज के छात्रों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया. कॉलेज के बाहर दो गुट आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर और बेसबॉल बैट से हमला करने के आरोप लगाए. घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है.

एनएमआईएमएस कॉलेज के छात्र अक्षत कटारिया ने पुलिस को बताया कि वह कॉलेज के सामने एक दुकान पर चाय पी रहा था. इसी दौरान छात्र ऋषि भदवार और तनिष्क रघुवंशी वहां पहुंचे और किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया. आरोप है कि कहासुनी के बाद दोनों ने उसके साथ मारपीट की और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया. दूसरे पक्ष के छात्र पर्व देसाई ने पुलिस को बताया कि वह कॉलेज के बाहर कैफे में अपने दोस्तों के साथ बैठा था. तभी अक्षत कटारिया अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और ऋषि भदवार के बारे में पूछताछ करने लगा.

जानकारी नहीं देने पर विवाद हुआ और आरोप है कि बेसबॉल बैट व पत्थरों से हमला किया. पर्व ने पुलिस को बताया कि हमले में उसे और ऋषि को चोटें आईं. उसने आरोप लगाया कि हमला पुराने विवाद को लेकर किया. घटना के दौरान मौजूद अन्य छात्र भी विवाद बढ़ता देख वहां से हट गए. गांधी नगर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है और घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है.

गुरु पूर्णिमा आज : शिष्य चरणों में शीश नवाकर व्यक्त करेंगे श्रद्धा

इंदौर. शहर में गुरूपूर्णिमा पर्व बुधवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा. आश्रमों और मठों में शिष्य गुरू चरणों में शीश नवाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त करेंगे. साथ ही विभिन्न आयोजन होंगे

बड़ा गणपति, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर गुरूपूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को सुबह 11 बजे ध्वजा अर्पण के साथ प्रारंभ होगा. यह शहर का पहला ऐसा धर्मस्थल है, जहां 15 संतों की समाधियां मौजूद हैं, जिन पर चरण पादुकाएं स्थापित है. गुरू पूर्णिमा पर मठ के अधिष्ठाता हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के सानिध्य में समाधियों का पूजन किया जाएगा. मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर मठ के संस्थापक स्वामी बाबा हंसदास महाराज, बाबा सियाराम दास, बाबा रामस्वरूप दास, बाबा रामरतनदास प्रथम एवं द्वितीय, बाबा शेष नारायणदास एवं मठ से जुड़े अन्य संतों की समाधियों के पूजन के साथ बुधवार को सुबह 10 बजे से हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज द्वारा गुरू दीक्षा प्रदान की जाएगी.

विद्याधाम पर 'भगवन' की पादुकाओं का पूजन :श्रीविद्याधाम पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार, 29 जुलाई को आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' की चरण पादुकाओं का पूजन एवं वर्तमान महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के पाद पूजन तथा गुरूमंत्र दीक्षा का दिव्य अनुष्ठान सुबह 9 .30 बजे से प्रारंभ होगा . आश्रम पर चातुर्मास महोत्सव के दौरान विभिन्न अनुष्ठान होंगे .

स्वयंभू माँ भवानी माता मंदिर परिसर में होगा पाद-पूजन :माँ भवानी माता मंदिर परिसर, हरसौला में प्रात : 8 .30 बजे से श्रीसत्यनारायण भगवान की कथा के आरंभ के साथ मनाया जाएगा . मंदिर के पुजारी, सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, श्रीमद भागवताचार्य पं . श्री बालकृष्ण शर्मा का पाद-पूजन कर सभी भक्तगण मिलकर वंदना करेंगे . मंदिर से जुड़े समाजसेवी मदन परमालिया एवं पं . भरत शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर धर्मावलंबियों एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे .

माली मोहल्ला एमओजी लाइन स्थित महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरु आश्रम पर दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव, सत्संग, पूजन एवं भजन का शुभारंभ मंगलवार रात को महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज के मालवा, मारवाड़ एवं निमाड़ से आए संतों ने अपने भजनों से भक्तों का मन मोह लिया .पुजारी योगेश सुईवाल ने बताया कि 29 जुलाई को सुबह 11 बजे से महाप्रचंड हनुमान मंदिर स्थित संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमा का श्रृंगार कर पूजन एवं महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण होगा .

विश्वनाथ धाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज : सांवेर रोड स्थित श्री भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान ट्रस्ट विश्वनाथ धाम एवं यतिराज भक्तमण्डल के संयुक्त तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को प्रात 11 .00 बजे से मनाया जाएगा . ट्रस्ट के सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया एवं पंकज मित्तल ने बताया कि ब्रह्मालीन स्वामी बालकृष्ण यति जी महाराज एवं वर्तमान पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर, स्वामी भवानीनंदन, यतिजी महाराज का चित्र एवं पादुका पूजन एवं प्रसाद वितरण आचार्य पंडित किशोर जी शास्त्री के निर्देशन में होगा . ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कचोलिया एवं कोषाध्यक्ष धीरेन पटेल ने बताया किगुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मानाने की तैयारी पिछले 7 दिनों से जोर-शोर से चल रही है इंदौर एवं धरमपुरी के आसपास के गांवों के श्रद्धालु भक्तजन भी काफी संख्या मेंआएंगे।

ट्रेन में यात्री का मोबाइल चोरी, केस दर्ज

इंदौर . इंदौर रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार हुए यात्री का मोबाइल चोरी होने के मामले में जीआरपी इंदौर ने प्रकरण दर्ज किया है . यात्री ने घटना की शिकायत जीआरपी रतलाम में की थी, जहां से डायरी इंदौर भेजे जाने के बाद कार्रवाई की गई . रतलाम निवासी कैलाश नाथ शर्मा शनिवार 25 जुलाई को इंदौर रेलवे स्टेशन से डेमो पैसेंजर से रतलाम जाने के लिए सवार हुए थे . ट्रेन में बैठने के कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि जेब में रखा ओप्पो कंपनी का मोबाइल गायब है . उन्होंने इसकी शिकायत जीआरपी रतलाम में दर्ज कराई . जीआरपी रतलाम से शून्य पर दर्ज डायरी मिलने के बाद जीआरपी इंदौर ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 18 हजार 500 रुपए बताई गई है . पुलिस अब स्टेशन और ट्रेन में लगे कैमरों सहित अन्य माध्यमों से आरोपी की तलाश कर रही है .

एक नजर में | जागरूकता रैली के दौरान नारों से गूंज उठीं मानपुर की गलियां

स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश

इंदौर. नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस ने मानपुर कस्बे में स्कूली विद्यार्थियों के साथ जागरूकता रैली निकाली. रैली के दौरान बच्चों ने नशे से दूरी बनाने और परिवार व समाज को नशामुक्त रखने का संदेश दिया.

नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 के तहत पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण जोन अनुराग, उप पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण रेंज मनोज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया. मानपुर क्षेत्र के यूनिक हायर सेकंडरी स्कूल, बालक हायर सेकंडरी स्कूल, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल और ग्लोरियस हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकृष्ण ने नशे से होने वाले गंभीर नुकसान की जानकारी दी. उन्होंने विद्यार्थियों से खुद नशे से दूर रहने के साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की. एसडीओपी महू ललित सिंह सिकरवार ने भी बच्चों को नशामुक्त जीवन का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें.

खुद के साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है नशा: इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजकृष्ण ने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है. युवाओं को इससे दूर रखने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके नुकसान के बारे में बताएं.

नशे से दूर रहो, नशा है खराब ... जैसे नारे गूंजे

कार्यक्रम के बाद चारों स्कूलों के विद्यार्थियों ने यूनिक हायर सेकंडरी स्कूल से रैली निकाली, जो अन्नपूर्णा चौराहा, मिर्ची बाजार, इमली रोड, मानपुर नाका, सदर बाजार और अस्पताल रोड होते हुए वापस स्कूल पहुंची . इस दौरान बच्चे नशे से दूर रहो, नशा है खराब, कैसे करता घर खराब, नशे से दूरी है जरूरी जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे . बच्चों के नारों से मानपुर की गलियां गूंज उठीं . रैली के समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकृष्ण, एसडीओपी ललित सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी मानपुर महेंद्र मकासरे सहित पुलिसकर्मी, स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे .